नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह आज से
मतदाता जागरूकता अभियान से होगा प्रारंभ

वर्धा दि. 11 जनवरी 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से 12 जनवरी से 15 जनवरी के दौरान राष्ट्रीय युवा योजना सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत मंगलवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर की जा रही है। इस सप्ताह में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का उदघाटन 12 जनवरी को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में अपराह्न 4.00 बजे हबीब तनवीर सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय तथा विशेष निमंत्रित वक्ता के रूप में वर्धा के तहसीलदार राहुल सारंग उपस्थित रहेंगे। 12 से 15 जनवरी के दौरान जनतंत्र में मतदाता की भूमिका पर वाद विवाद प्रतियोगिता तथा जनतंत्र में मतदान का महत्व विषय पर स्लोगन स्पर्धा एवं इसी विषय पर पोस्टर निर्माण स्पर्धा आयोजित की गयी है। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुप्रिया पाठक एवं बी. एस. मिरगे ने की है।